# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: VI( 2nd lang.) | Department: Hindi | |
|---|---|---|
| Lesson -4 -'Bachpan' | Topic: Questions , answers and word meanings. | Note: Pl. write in your note book |

पाठ - 4 - बचपन ।

अति लघु उत्तरीय प्रश्न -

प्रश्न -1- लेखिका का मन अब सफेद पहनने को करता है, क्यों **?**

उत्तर - लेखिका का मन उम्र अधिक होने के कारण अब सफेद पहनने को करता है।

प्रश्न - 2 - बचपन पाठ में शताब्दी का क्या अर्थ है ?

उत्तर - शताब्दी का अर्थ है **-** एक सौ साल का समय ।

प्रश्न - 3 - लेखिका चॉकलेट खरीदने कहाँ जाती थी**?**

उत्तर - लेखिका चॉकलेट खरीदने शिमला माल जाती थी।

प्रश्न - 4- तेज़ रफ़्तार वाली गाड़ी कौन - सी थी**?**

उत्तर - तेज़ रफ़्तार वाली गाड़ी शिमला - कालका ट्रेन थी।

प्रश्न - 5- बचपन में चश्मा लगाने पर लेखिका को चिढ़ाते हुए भाई ने क्या कहा था?

उत्तर - बचपन में चश्मा लगाने पर लेखिका को चिढ़ाते हुए भाई ने उसे लंगूर कहा।

प्रश्न -6- लेखिका को आज भी क्या पसंद है ?

उत्तर - लेखिका को आज भी बूट पॉलिश करना पसंद है ।

प्रश्न -7- समय में दूरी होने का क्या अर्थ है **?**

उत्तर - समय में दूरी होने का अर्थ है - अधिक समय बीतने से बदलाव आ जाना।

प्रश्न -8- जूतों से पड़ने वाले छालों से बचने के लिए लेखिका क्या करती थी?

उत्तर - जूतों से पड़ने वाले छालों से बचने के लिए लेखिका जूतों में रुई रखती थी।

प्रश्न - 9- लेखिका को एक हफ्ते में कितनी बार चॉकलेट खरीदने की छूट थी?

उत्तर - लेखिका को एक हफ्ते में एक ही बार चॉकलेट खरीदने की छूट थी ।

प्रश्न -10- लेखिका को अपने बचपन कीकौन-सी चीज आज भी नज़र आती है?

उत्तर - लेखिका को अपने बचपन की चना ज़ोर गरम की पुड़िया आज भी नज़र आती है

लघु उत्तरीय प्रश्न –

प्रश्न -1- लेखिका का जन्म कब हुआ था ?उनकी उम्र कितनी थी ?

उत्तर - लेखिका का जन्म पिछली शताब्दी में हुआ था | उनकी उम्र दादी और नानी जितनी थी |

प्रश्न -2- बचपन में लेखिका को मोज़े क्यों धोने पड़ते थे ?

उत्तर - बचपन में नौकर या नौकरानी से मोज़े धुलवाने की मनाही थी , इसलिए उन्हें खुद ही मोज़े धोने पड़ते थे |

प्रश्न -3- लेखिका बचपन में इतवार की सुबह क्या-क्या काम करती थीं?

उत्तर - लेखिका बचपन में इतवार(रविवार)की सुबह अपने मोज़े धोती थी। उसके बाद अपने जूते पॉलिश करके कपड़े से चमकाती थी।इतवार की सुबह इसी काम में लगाती थी।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न -

प्रश्न -1- लेखिका अपने बचपन मेंकौन-कौन सी चीज़े मज़ा लेकर खाती थी? और उन्हें कौन से फल पसंद थे ?

उत्तर - लेखिका अपने बचपन में रात को सोते समय चाकलेट मज़ा ले-लेकर खाती थीं | इसके इलावा उन्हें चेस्टनट , चना ज़ोर गरम और अनारदाने का चूर्ण भी पसंद था|फलों में शिमला के रसभरी, कसमल और काफ़ल उनके प्रिय फल थे।

प्रश्न -2- उम्र बढ़ने के साथ-साथ लेखिका में क्या-क्या बदलाव हुए हैं?

उत्तर - उम्र बढ़ने के साथ-साथ लेखिका के पहनावे में भी काफी बदलाव आए जैसे वे पहले गहरे रंग की फ्रॉक, निकर-वॉकर, स्कर्ट, लहँगे, गरारे आदि पसंद करती थीं जबकि अब हल्के रंग और चूड़ीदार तथा घेरदार कुर्ते पहनना पसंद करतीं हैं ।

प्रश्न -3- 'तुम्हें बताऊँगी कि हमारे समय और तुम्हारे समय में कितनी दूरी हो चुकी है।' - यह कहकर लेखिका क्या-क्या बताती हैं ?

उत्तर - 'तुम्हें बताऊँगी कि हमारे समय और तुम्हारे समय में कितनी दूरी हो चुकी है।' - यह कहकर लेखिका बताती है कि उन दिनों मनोरंजन के लिए कुछ घरों में ग्रामोफ़ोन थे परंतु उसके स्थान पर आज हर घर में रेडियो और टेलीविजन देखने को मिलता है। कुलफ़ी की जगह आइसक्रीम ने ले ली है। कचौड़ी-समोसा पैटीज में बदल गया है। शहतूत और फ़ाल्से और खसखस के शरबत का स्थान कोक-पेप्सी ने ले लिया है।

शब्दार्थ

**1-** सयाना-बड़ा **mature**

**2-** महसूस करना - समझना , अनुभव करना **understand, to feel**

**3-** शताब्दी - सदी ,सौ वर्ष की अवधि **century**

**4-**दशक - दस वर्ष की अवधि - **a decade**

**5-** पोशाक - कपड़े **cloths**

**6-** फ्रिल - झालर **frill**

**7-** इतराते - इठलाते , झूमते **to behave with pride**

**8-** चलन - परम्परा - **custom**

**9-** हालाँकि -यद्यपि **however**

**10-** इलाज- उपचार **remedy , treatment**

**11-** कैस्टर ऑयल -अरंडी का तेल - **Caster oil**

**12-** मितली- मन खराब होना **to feel nausea**

**13-** सेहत - स्वास्थ्य **health**

**14-** दिलचस्पियाँ - रुचियाँ **Interests**

**15-** शहतूत - तूत का फ़ल **mulberry**

**16-** फालसा- **a fruit its berry**

**17-** लपेटना - घेरा देकर बाँधना **enclose to wraps**

**18-**छुटपन - बचपन **-Childhood**

**19-** अटपटा - अज़ीब-सा**-weird**

**20-**आश्वासन - भरोसा - **promise**

**पाठ- 4** -बचपन - व्याकरण भाग :-

प्रश्न 1 - निम्नलिखित शब्दों से दो- दो पर्यायवाची बनाइए:-

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 - | पुत्री | - | बेटी | , | सुता | , | आत्मजा |
| 2 - | पुरुष | - | नर | , | जन | , | आदमी |
| 3 - | पुष्प | - | फूल | , | सुमन | , | कुसुम |
| 4 - | बादल | - | घन | , | मेघ | , | जलद |
| 5 - | मछली | - | मीन | , | मकर | , | झस |
| 6 - | आँख | - | नयन | , | नेत्र | , | लोचन |
| 7 - | असुर | - | दानव | , | राक्षस | , | दैत्य |
| 8 - | पत्ता | - | पात | , | पत्र | , | दल |

प्रश्न- 2 निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए :-

| | | |
|---|---|---|
| 1 - बहुत | - | थोड़ा |
| 2 - गुण | - | दोष |
| 3 - आशा | - | निराशा |
| 4 - ज्ञानी | - | अज्ञानी |
| 5 - धर्म | - | अधर्म |
| 6 - न्याय | - | अन्याय |
| 7 - हार | - | जीत |
| 8 - पास | - | दूर |
| 9 - ऊपर | - | नीचे |
| 10 - सुबह | - | शाम |

प्रश्न-3 क)निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण शब्द छाँटकर लिखिए-

1 - लाल फूलों की सुगंध आ रही है ।
2 - हमारे घर के बाहर विशाल वृक्ष है ।
3 - पानी में दो फूल खिले हैं ।
4 - टोकरी में से कुछ सेब उठा लाओ ।
5 - साड़ी की लंबाई दो मीटर है ।
6 - गमले में थोडी मिट्टी डाल दो।
7 - पहली लड़की नहीं आई ।
8 - मेरा विद्यालय वादी कबीर में स्थित है ।
9 - मुझे तीन किलो आटा चाहिए |
10 - कुछ लोगों को ही काम चाहिए |

ख) रिक्त स्थानों में उचित विशेषण शब्द भरिए :-

1 - मुझे -- कुछ-- सामान चाहिए ।
2 - मेरी-- बहन को फूल पसंद हैं।
3 - मुझे -सफेद-- गाड़ी की तलाश है।
4 - माधव को --थोड़ा- आराम करने दो।
5 - मुझे--इतना- कपड़ा नहीं चाहिए।
6 - चारों- चोर पकड़े गए।

*******